आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 13.08.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर आज से प्रदेश में ''एक पेड़ महतारी के नाम'' अभियान की शुरूआत की।

2— 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

3— बिलासपुर अपर सत्र न्यायालय ने अपने परिवार के चार लोगों की हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनाई।

4— मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ के उत्तरी इलाकों में भारी वर्षा होने की संभावना।

एक पेड़ महतारी के नाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर प्रदेश में ''एक पेड़ महतारी के नाम'' अभियान की शुरूआत की है। इस मौके पर उन्होंने आम नगारिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने एक पेड़ महतारी के नाम रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस बीच, केंद्रीय पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव और वन महानिदेशक जितेन्द्र कुमार ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज नवा रायपुर के जंगल सफारी में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत महुआ का पौधा लगाया।

हाथी दिवस—कार्यक्रम

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने देश में हाथियों के प्रति सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने और मानव तथा हाथियों के बीच जारी संघर्ष को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री यादव ने रायपुर में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हाथियों के संरक्षण और मानव कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पक्षों को एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हाथी—मानव द्वंद को रोकना है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों के विचरण की जानकारी ग्रामीणों को देने के लिए सरगुजा से हमर हाथी—हमर गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है। वहीं, ग्रामीणों को अपनी और हाथियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए राज्य सरकार गज यात्रा अभियान चला रही है। 'गज संकेत और सजग' ऐप के माध्यम से हाथी के विचरण की जानकारी ग्रामीणों को मिल रही है।

हर घर तिरंगा/विभाजन विभीषिका

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान लोगों को अपने—अपने घरों में तिरंगा फरहाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में कोरबा के घण्टाघर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। श्री देवांगन ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख चौक—चौराहों से होते हुए एसईसीएल फुटबॉल ग्राउंड में संपन्न हुई।

बेमेतरा में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में जिले के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान लोगों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं, नवागढ़ मुख्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के साथ बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए।

इसी तरह, जांजगीर–चांपा में आयोजित तिरंगा रैली में सांसद कमलेश जांगड़े और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और विभाजन विभीषिका दिवस आयोजन समिति के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कल प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विभाजन विभीषिका दिवस का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विभाजन के दौरान घटी घटनाओं का चित्रण एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। साथ ही संगोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि रायपुर में होने वाली संगोष्ठी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संगोष्ठी के बाद तिरंगा लेकर तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक एक मौन जुलूस निकाला जाएगा।

पोषण आहार नाश्ता

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कल कोरबा जिले के जमनीपाली स्थित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला में पोषण आहार नाश्ता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ मद से कोरबा नगरीय क्षेत्र और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को स्कूल शुरू होने के पहले पौष्टिक नाश्ता प्रदान किया जाएगा। इससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार होगा। साथ ही विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिक्रिया के आधार पर इस योजना को पूरे जिले में शुरू किया जाएगा।

गवर्निंग बॉडी मीटिंग

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि कटघोरा में जल्द शुरू होने वाली लीथियम की खदान देश की पहली लीथियम खदान होगी।
यह बात उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की छठवीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में कही। श्री जायसवाल ने कहा कि लीथियम खदान के शुरु हो जाने से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के अग्रणी राज्यों में से एक होगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा में जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा लगभग ढाई सौ हेक्टेयर क्षेत्र में घोषित लीथियम के भंडार पर चर्चा हुई।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सत्ताईस जुलाई से दस अगस्त तक आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़े में लगभग एक लाख बारह हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से करीब पैंतालीस हजार आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं, दूसरे विभागों के आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजने के बाद बाकी आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण करने की कार्यवाही की जा रही है।

हत्या–फांसी सजा

बिलासपुर अपर सत्र न्यायालय ने अपने परिवार के चार लोगों की हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिर्री गांव के रहने वाले उमेंद केंवट पर आरोप है कि उसने बीती एक जनवरी को अपनी पत्नी, दो बेटियों और एक बेटे की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। न्यायाधीश अविनाश त्रिपाठी ने आज आरोपी को फांसी की सजा सुनाई। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपी का यह कृत्य बर्बरता की पराकाष्ठा है। अपर सत्र न्यायालय द्वारा दिया गया मृत्युदंड तब तक निष्पादित नहीं होगा, जब तक इसकी पुष्टि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा नहीं कर दी जाएगी।

माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आज एक माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से पुरूष माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी का सदस्य था, जिस पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। वहीं, महिला माओवादी कांगेरवेली एरिया कमेटी की सदस्य
बताई जा रही है, जिस पर दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। ये माओवादी
पुलिस पार्टी पर फायरिंग और आईईडी विस्फोट जैसी घटनाओं में शामिल थे।
आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

गाय शव–बरामद

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में कोसमंदी और गातापारा गांव के बीच सड़क पर बाईस गायों के शव बरामद हुए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच शुरु कर दी गई है। मवेशी किसके हैं, इनकी मृत्यु कैसे हुई और मारे गए मवेशी सड़क पर किन परिस्थितियों में किसके द्वारा रखे गए, इसकी जांच की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग–निर्देश

लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश की नदियों पर बने पुलों के दोनों ओर अस्थायी बैरियर, रिफ्लेक्टर और साइन–बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं, जिससे बाढ़ या पुल के जलमग्न होने की स्थिति में यातायात को बंद किया जा सके। विभाग ने मैदानी अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पुलों की रेलिंग और क्रैश बैरियर का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने को भी कहा है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने सुरक्षित यातायात के लिए सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं, सभी मंडलों के अधीक्षण अभियंताओं और संभागीय कार्यपालन अभियंताओं को परिपत्र जारी किया है।

श्रमिक बच्चे–छात्रवृत्ति आवेदन

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के अधीन कार्यरत् श्रम कल्याण संगठन रायपुर द्वारा शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न खदानों में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा के लिए एक हजार रूपए से लेकर अधिकतम पच्चीस हजार रूपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इच्छुक छात्र–छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आनॅलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर निर्धारित है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए बलौदाबाजार जिले में 'दस्तक' अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए मोबाइल ऐप भी बनाया गया है, जिसका शुभारंभ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में आज स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी, छात्र–छात्राएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित उनतालीस शासकीय और निजी महाविद्यालयों में चालू शैक्षणिक सत्र में बी.एस.सी. कृषि स्नातक पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाईन काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह अगस्त तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं।

– चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के शासकीय और निजी चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग प्रक्रिया की समय–सारिणी संचालनालय की वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है।

– जांजगीर–चांपा जिले के पुटपुरा गांव में मिडिल स्कूल की छत का प्लास्टर गिर जाने से पांच बच्चों को चोटें आई हैं। सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>